तीन वर्षों के दौरान हिन्दी और अंग्रेजी की पुस्तकों, पत्रिकाओं और अन्य पत्रों पर अलग-अलग कुल कितनी धनराशि व्यय की है?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Shifting of water meters LB Laxmi Bai Nagar

456. SHRI ROSHAN LAL: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to refer to answer to Unstarred Question 3847 given in. the Rajya Sabha on the •11th December 1987 and state:

(a) what is the number of Government quarters in Laxmi Bai Nagar, New Delhi whose water-meter Chambers have since been shifted inside the premises, type-wise; . and

(b) by when the same are likely to be shifted in the remaining quarters?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH): (a) The details, as furnished by the CPWD, are as follows: —

Watermeters shifted inside the premises

Type., of the Qrs.	No. of Qrs.
II	26
III	NIL
IV	12

(b) The work will be taken up after the. sanctioning of the estimates.

उत्तर प्रदेश द्वारा सूखा राहत क उपयोग

457. **श्री रशीद मसूद :**
श्री अजीत सिंह :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार को सूखा पीड़ित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की थी;

(ख) यदि हां, तो अब तक कुल कितनी धनराशि दी गयी है;

(ग) क्या यह भी सच है कि जनवरी, 1988 के प्रथम सप्ताह तक राज्य इस धनराशि में से केवल 13 प्रतिशत धनराशि का ही उपयोग कर पाया था; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने राज्य सरकार को सूखा पीड़ित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के लिए इस शेष धनराशि का तुरन्त उपयोग करने का निर्देश दिया है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) और (ख) जी हां। चालू वित्तीय वर्ष में सूखा राहत के लिए राज्य सरकार को 155.74 करोड़ रुपए के व्यय की अधिकतम सीमा मंजूर की गई है।

(ग) जी नहीं।

(घ) भारत सरकार ने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि वे प्रभावित जन-संख्या को कारगर राहत सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय करें।

दिल्ली के किसानों को घटिया बीजों की पूर्ति

458. **श्री रशीद मसूद :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को हाल में इस आशय के समाचार प्राप्त हुए है